# न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 74/2020 बउनवानी प्रदीप कुमार सोनी बनाम लोक.सू.अधि.एवं प्र0अ0 सामान्य/संस्थापन/डीएसउ
पुत्र श्री रामप्रकाश सोनी, प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी सवाईमाधोपुर कार्यालय हाजा

| तारीख हुकम | हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज |
|---|---|
| 18.11.2020 | दिनांक 17.11.2020 को अवकाश घोषित होने के कारण पत्रावली आज पेश हुई है। पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। लोक सूचना एवं प्रभारी अधिकारी सामान्य/संस्थापन की ओर से पैरोकार राजस्व उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 25.8.2020 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को भिजवाया गया। उक्त प्रार्थना पत्र अति0 जिला कलेक्ट के पत्रांक एफ.1(92) सूकाअ/2020/1140–1441 दिनांक 04.09.2020 से प्रभारी अधिकारी सामान्य/संस्थापन/जिला रसद अधिकारी सवाईमाधोपुर को अधिनियम की धारा 6(3) के तहत अन्तरित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गयाः– |

1. यह है कि जिला सवाईमाधोपुर की सभी जिला स्तरीय समितियो के नाम एवं उद्वेश्यों की साफ सुथरी प्रमाणित प्रति उपलब्ध करावे। जनरल शाखा कलेक्टर परिसर,स0मा0।
2. यह है कि दिनांक 28.7.2020 के दिन प्रार्थी ने जिला कलेक्टर को सभी जिला स्तरीय समितियों के जनरल शाखा से नाम एवं उद्वेश्य की सूची चाहने बाबत मेल किया था। इस मेल पर भिजवाये गये प्रा.पत्र की एक सेट मे प्रमाणित प्रति चाहिए।
3. यह है कि आज दिनांक तक जिला सवाईमाधोपुर में जितने भी जिला कलेक्टर आये है उन सभी का कार्यकाल का समय दिन माह वर्ष सहित क्रमवार सूचना देवे।
4. यह है कि जिला सवाईमाधोपुर प्रथम बार जिला किस दिनांक को बना तथा सवाईमाधोपुर जिलें से पहले कौनसा जिला था क्षेत्र का?
5. यह है कि जिला सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर भवन/बिल्डिंग/कार्यालय का निर्माण किस दिनांक को हुआ था।
6. यह है कि जिला सवाईमाधोपुर के सभी जिला स्तरीय तहसील स्तरीय अधिकारियो एवं कर्मचारियों की वर्तमान सूची का विवरण (संलग्न प्रपत्र पर उपलब्ध करावे।)
7. यह है कि जिला सवाईमाधोपुर में आज दिनांक तक कितने अधिकारियों/कर्मचारियों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पी.सी.एक्ट 1998 के तहत गिरफ्तार किया। ऐसे अधिकारियों ,कर्मचारियो की क्रमवार सूचना दे तथा विभाग का नाम पद नाम
8. यह है कि जिला सवाईमाधोपुर कलेक्टर परिसर/बिल्डिंग मे कौन–कौन से कार्यालय संचालित है क्रमवार सूचना दे?
9. यह है कि अन्त्योदय, बी.पी.एल राशन कार्ड बनवाने के लिय क्या–क्या पात्रता होनी चाहिए एवं अन्त्योदय, बी.पी.एल, राशन कार्ड बनवाने की क्या प्रक्रिया है सम्पूर्ण विवरण सहित सूचना देवे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी सामान्य/संस्थापन/डीएसओ द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण उक्त अधिनियम के नियम 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी सामान्य/संस्थापन/डीएसओ सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों की सुनवायी हेतु तलबी जरिये नोटिस की गयी।

नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही हुआ। दौराने सुनवायी उपस्थित पैरोकार राजस्व ने लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी सामान्य अनुभाग की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस कमांक/सामान्य/सूकाअ/2019/11103 दिनांक 28.10.2020 की ओर ध्यान आकर्षित कर कथन किया कि अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 25.8.2020 के बिन्दु संख्या 1 व 2 पर चाही गयी सूचना अपीलान्ट द्वारा शुल्क जमा करवाने पर कोपिस्ट कार्यालय हाजा के पत्रांक 540 दिनांक 22.10.2020 को जरिये रजिस्टर्ड डाक अपीलान्ट को भिजवायी जा चुकी है। प्रभारी अधिकारी संस्थापन अनुभाग के जवाब नोटिस कमांक 5975

Signature Not Verified
Digitally signed by Nannu Mal Pahadia
Date: 2020.12.24 16:20:45 IST
Reason: SelfAttested

दिनांक 29.10.2020 के अनुसार बिन्दु संख्या 4 व 6 पर चाही गयी सूचना (समस्त जिला स्तरीय अधिकारियो एवं कर्मचारियो की सूची) के संबंध मे अपीलान्ट को जरिये पत्रांक 4818 दिनांक 11.9.2020 से वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है कि संबंधित लोक सूचना के अधिकारी के कार्यालय से सूचना प्राप्त करे। जिला रसद अधिकारी सवाईमाधोपुर के जवाब नोटिस क्रमांक 981 दिनांक 10.11.2020 के अनुसार बिन्दु संख्या 9 में चाही गयी सूचना अपीलान्ट द्वारा 20/–रू जमा करवाये जाने पर जरिये पत्रांक 867 दिनांक 6.10.2020 एवं 979 दिनांक 10.11.2020 द्वारा अपीलान्ट को भिजवायी जा चुकी है। शेष बिन्दु संख्या 3,5,7,8 पर चाही गयी सूचना प्रश्नात्मक होने के कारण दिया जाना आवश्यक नही है। इसलिए अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत पैरोकार राजस्व द्वारा निवेदन किया गया।

पैरोकार राजस्व द्वारा किये गये कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ कि अपीलान्ट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 25.8.2020 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 1,2,9 की पूर्ण सूचना प्रभारी अधिकारी सामान्य अनुभाग एवं जिला रसद अधिकारी सवाईमाधोपुर द्वारा अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है तथा बिन्दु संख्या 3,4,5,6,8 पर चाही गयी सूचना प्रश्नात्मक एवं कार्यालय मे सृजित नही होने के कारण दिया जाना आवश्यक नही है। तथा बिन्दु संख्या 7 की सूचना संबंधित विभाग से प्राप्त करने बाबत तत्समय अपीलान्ट को लिखा जा चुका था इसलिए बिन्दु संख्या 7 की सूचना अपीलान्ट संबंधित विभाग से प्राप्त कर सकता है। उक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट खारिज किया जाना उचित समझता हूँ। परिणाम स्वरूप अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी।

(नन्नूमल पहाडिया)
जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Nannu Mal Pahadia
Date: 2020.12.24 15:20:45 IST
Reason: SelfAttested